तापमान
अधिकतम 33 .0 डिग्री
न्यूनतम 24 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार 1 जून 2026

10 नागरिक अस्पताल में सफाई व्यवस्था को मजबूत...



10 नशे के प्रयोग से शरीर ही नहीं बल्कि परिवार भी...



**खबर संक्षेप**

### संदिग्ध हालात में जेल वार्डन ने लगाई फांसी

**जींद।** पिल्लूखेड़ा मंडी में रविवार को संदिग्ध हालात के चलते एक व्यक्ति ने फांसी का फंदा लगा आत्म हत्या कर ली। मृतक जेल वार्डन था और सस्पेड चल रहा था। परिजनों ने मृतक को मानसिक तौर पर परेशान बताया है। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनो को सौंप दिया है।

पिल्लूखेड़ा मंडी निवासी सुरेंद्र (50) ने रविवार को संदिग्ध हालात के चलते अपने मकान मे फांसी का फंदा लगा लिया। परिजनों को घटना का उस समय पता चला जब सुरेंद्र काफी देर तक कमरे से बाहर नही आया। परिजनों ने जब अंदर जाकर देखा तो वह पंखे से फांसी के फंदे पर लटका हुआ था।

### दर्जनभर किसानों के खेतों से बिजली केबल चोरी

**जींद।** गांव दनौदा कलां मे बीती रात चोरों ने खेतों से दर्जनभर किसानों के खेतो से कीमती बिजली केबल, सोलर पनैल व अन्य सामान को चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस ने किसानों की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव दनौदा कलां निवासी मुर्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उसके खेत से सोलर पैनल, कंट्रोलर की केबल को चोरी कर लिया। इसी प्रकार उनके पड़ोसी किसान बलराज, प्रदीप, दलबीर, नेरश, अमर लाल, दिलबाग, बलजीत, शमशेर, आशु, बलजीत आदि रहे।

### मारपीट में दो महिलाओं सहित तीन घायल

**कैथल।** कैथल के गांव करोड़ा में हुई मारपीट में एक परिवार की दो महिलाओं सहित तीन व्यक्ति घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव करोडा के रणधीर ने थाना पुंडरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 12 मई को प्रात करीब 7:00 बजे गांव के ही राहुल, निर्मला देवी, अंगूरी देवी ने अपने चार-पांच अन्य के साथ मिलकर लाठी, डंडे और गंडासियों से हमला करते हुए उन्हें घायल कर दिया।

### दुकान में चोरी का आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** जुलाना मंडी चौकी पुलिस ने दुकान से नगदी चोरी करने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार किए आरोपति के कब्जे से 57 हजार की नगदी व दो मोबाइल फोन व अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। जुलाना थाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि 17 मई को गांव करसोला निवासी अनिल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी वेल्डिंग की दुकान है। अज्ञात व्यक्ति द्वारा गल्ला तोड़कर करीब एक लाख 10 हजार रुपये की नगदी चोरी कर ली। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपित की निशानदेही पर चोरी की रकम में से 57 हजार रुपये नगद व दो मोबाइल फोन तथा अन्य सामान बरामद किया है।

## यूजी कोर्सों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की अवधि समाप्त

- अंतिम तिथि होने के चलते विद्यार्थियों में दिखा उत्साह
- 11 जून को जारी होगी पहली मैरिट लिस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



स्नातक (यूजी) कोर्सों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन का रविवार को अंतिम दिन रहा। अंतिम तिथि होने के चलते विद्यार्थियों में आवेदन को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला। कई छात्र-छात्राएं आवेदन प्रक्रिया पूरी करने और जरूरी दस्तावेजों से संबंधित जानकारी लेने के लिए कॉलेज पहुंचे। विद्यार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए आरकेएसडी पीजी कॉलेज में छुट्टी के दिन भी हेल्प डेस्क संचालित की गई। हेल्प डेस्क पर शिक्षकों व कर्मचारियों ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन आवेदन भरने, दस्तावेज अपलोड करने तथा विषय चयन संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई।

कॉलेज प्रशासन अनुसार अंतिम दिन बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने आवेदन किए। कई विद्यार्थियों को आवेदन प्रक्रिया में आ रही तकनीकी समस्याओं का समाधान भी मौके पर किया गया। कॉलेजों में पहुंचे विद्यार्थियों और अभिभावकों को प्रवेश प्रक्रिया से जुड़ी आवश्यक जानकारी भी दी गई। कॉलेज अधिकारियों ने बताया कि आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद उच्चतर शिक्षा विभाग की निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार मेरिट सूची जारी की जाएगी। इसके बाद मेरिट के आधार पर दाखिले की आगामी प्रक्रिया शुरू होगी। विद्यार्थियों को समय-समय पर विभागीय पोर्टल और कॉलेज की वेबसाइट पर अपडेट देखते रहने की सलाह दी है।

**जिले के सरकारी कॉलेजों में अब तक हुए आवेदन**

| कॉलेज | कुल आवेदनों की संख्या |
|---|---|
| राजकीय कॉलेज, कैथल। | 1324 |
| राजकीय महिला कन्या कॉलेज, गुहला-चीका। | 383 |
| राजकीय कॉलेज, कलायत। | 137 |
| राजकीय कॉलेज, राजौंद। | 60 |
| राजकीय कॉलेज, चक्कू लदाना। | 50 |
| राजकीय कॉलेज, सेरधा। | 31 |
| राजकीय कॉलेज, धनौरी। | 22 |
| आरकेएसडी पीजी कॉलेज | 2180 |

नोटः यह आवेदन रविवार शाम 6 बजे तक के हैं। इसमें बदलाव हो सकता है।

**आगे की यह रहेगी प्रक्रिया**

| तिथि | प्रक्रिया |
|---|---|
| 06 जून तक | दस्तावेजों की जांच |
| 11 जून | पहले मेरिट सूची होगी जारी |
| 12 से 15 जून तक | पहली मेरिट सूची की फीस जमा होगी |
| 17 जून | दूसरी मेरिट सूची जारी होगी |
| 26 जून से 02 जुलाई तक | ओपन फिजिकल काउंसिलिंग होगी |
| 03 जुलाई के बाद से | प्रतिदिन के हिसाब से जुर्माना सहित दाखिले होंगे |

**6 जून तक दस्तावेजों की जांच होगी**

स्नातक (यूजी) कोर्सों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन को लेकर अंतिम दिन विद्यार्थियों में आवेदन को लेकर काफी उत्साह रहा। इस दौरान राजकीय कॉलेजों में आवेदन की संख्या पहले की अपेक्षा बढ़ी है। अब आगामी प्रक्रिया के तहत 6 जून तक दस्तावेजों की जांच होगी। इसके बाद 11 जून को पहली मेरिट सूची जारी की जाएगी।
**- डॉ. मनोज भांबू, जिला नोडल अधिकारी, उच्चतर शिक्षा विभाग, कैथल।**

### मृतक पक्ष के तीन लोग भी आंशिक रूप से हुए घायल

## मकान के आगे निर्माण सामग्री डालने के विवाद में ली जान

**पड़ोसी द्वारा मकान के सामने निर्माण सामग्री डालने का विरोध कर रहा था मृतक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**पानीपत।** मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाने आए परिजन।

गांव थुआ में रविवार को मकान के आगे निर्माण सामग्री डालने को लेकर हुई झगड़े में एक व्यकित की हत्या कर दी गई। जबकि मृतक परिवार के तीन लोग आंशिक रूप घायल हो गए। अलेवा थाना पुलिस ने मृतक के परिजन की शिकायत पर पांच लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव थुआ निवासी रामनिवास (55) तथा पड़ोसी साधुराम परिवार के बीच रविवार को मकान के सामने निर्माण सामग्री डालने को लेकर झगड़ा हो गया। आरोप है कि साधुराम परिवार ने ईंटों तथा डंडों से रामनिवास पर हमला कर दिया। जब उसकी पत्नी कविता, बेटा आशू, ताऊ का बेटा बलजीत बीचबचाव करने पहुंचे तो उनको भी आरोपितों ने चोटें मारी। संवेदनशील अंग पर चोट लगने से रामनिवास बेसुध हो गया। परिजनों द्वारा रामनिवास को नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अलेवा थाना प्रभारी आत्मा राम ने बताया कि मृतक के परिजनों ने आरोप लगाते हुए शिकायत दी है। फिलहाल पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

**मौके पर पहुंची पुलिस**

घटना की सूचना पाकर अलेवा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतक के भाई बलजीत ने बताया कि आरोपित साधुराम अपने मकान पर प्लस्तर कर रहा है। जिसकी सामग्री उसने रामिनवास के मकान के सामने डाल दिया। जिसके चलते रास्ता बाधित हो गया और उठने वाली धूल रामनिवास के घर में जाने लगी। जिस पर उसके भाई रामनिवास ने आपत्ति जताई तो आरोपित उसके भाई से उलझ गए और मारपीट करने लगे। संवेदनशील अंग पर चोट लगने के कारण उसके भाई की मौत हो गई। जबकि उसके समेत परिवार के तीन सदस्यों को हलकी चोटें आई। अलेवा थाना पुलिस ने बलजीत की शिकायत पर साधुराम परिवार के पांच लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मजदूरों ने फूंका श्रम मंत्री का पुतला

- सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड का पोर्टल पिछले 11 महीनों से बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** श्रम मंत्री का पुतला दहन करते हुए निर्माण मजदूर।

भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा के आह्वान पर निर्माण मजदूरों ने शनिवार रात गांव मनोहरपुर में श्रम मंत्री का पुतला फूंक रोष जताया। मजदूरों ने सरकार द्वारा निर्माण मजदूरों की लगातार अनदेखी और उनके अधिकारों पर किए जा रहे हमलों को लेकर रोष जताया।


पुतला दहन से पहले रोष बैठक को संबोधित करते हुए यूनियन के जिला सचिव संदीप जाजवान ने कहा कि हरियाणा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड का पोर्टल पिछले 11 महीनों से बंद पड़ा है। जिसके कारण लाखों निर्माण मजदूर पंजीकरण, नवीनीकरण तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि वर्षों से कन्यादान योजना सहित अन्य योजनाओं की सहायता राशि भी मजदूरों को नहीं दी जा रही है। सरकार फर्जीवाड़े का बहाना बना कर निर्माण मजदूरों के हक व अधिकारों पर डाका डालने का काम कर रही है। इसके तहत गांव-गांव मुख्यमंत्री और श्रम मंत्री के पुतले फूंके जाएंगे तथा 19 जून को जींद ब्लॉक में विशाल मजदूर पंचायत आयोजित कर भाजपा सरकार की शवयात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर इकाई प्रधान जसमेर, इकाई सचिव रामदास, मदन, सुखबीर सहित बड़ी संख्या में निर्माण मजदूर उपस्थित रहे।

## इंग्लैंड भेजने का झांसा देकर हड़पे साढ़े 21 लाख रुपये

**जींद।** स्टडी बेस पर विदेश भेजने के नाम पर साढ़े 21 लाख रुपये हड़पने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने तीन लोगों के धोखाधड़ी समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दुर्गा कालोनी निवासी राजबाला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि अपने बेटे संदीप को विदेश भेजने की इच्छूक थी। जिसके चलते उसे डीआरडीए के सामने हुडा मार्केट में एक्सपर्ट ओवरसीज कार्यालय चलाने वाले शीलावती से संपर्क साधा। उस दौरान कार्यालय में शीलावती, उसका बेटा रवि, बेटी भावना मौजूद थी। सब कुछ तय होने के बाद उन्होंने स्टडी बेस पर संदीप को इंग्लैंड भेजने की बात कही। जिस पर आरोपितों को सभी दस्तावेज दे दिए गए। आरोपितों ने आश्वासन दिया की संदीप का दाखिला अच्छे संस्थान में करवाया जाएगा। गत दस अक्टूबर तक आरोपित उनसे 24 लाख रुपये ऐंठ चुके थे। उसने राशि से अपना प्लाट बेच तथा रिश्तेदारों से उधार लेकर प्रंबध किया था। जब उसका बेटा इंग्लैड के उस शिक्षण संस्थान में पहुंचा तो उसे बताया गया कि फीस न भरने के कारण उसका दाखिला नही हुआ है। अब अंतिम तारीख भी बीत चुकी है।

## विधायक सुरजेवाला ने किया शेरगढ़ में नवनिर्मित चौपाल का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। विधायक सुरजेवाला गांव शेरगढ़ में जनरल चौपाल का उद्घाटन करते हुए।

कांग्रेस विधायक आदित्य सुरजेवाला ने गांव शेरगढ़ में नवनिर्मित जनरल चौपाल का भव्य उद्घाटन किया। इस मौके पर ग्रामीणों ने बड़े उत्साह के साथ फूल मालाओं और पगड़ी पहनाकर विधायक आदित्य सुरजेवाला का स्वागत किया।

ग्रामीणों ने विधायक के इन प्रयासों की सराहना की और उम्मीद जताई कि भविष्य में भी विकास कार्यों की यह श्रृंखला जारी रहेगी। गांव के सरपंच किताब सिंह ने कहा कि आदित्य सुरजेवाला युवा हैं, लेकिन उनके काम बोलते हैं। विपक्ष में होने के बावजूद वे क्षेत्र की हर जरूरत पर ध्यान दे रहे हैं। जिस तरह पूर्व मंत्री स्व. शमशेर सिंह सुरजेवाला और रणदीप सुरजेवाला ने कैथल में विकास कार्यों की झड़ी लगाई ठीक उसी राह पर चलते हुए विधायक आदित्य सुरजेवाला भी विकास कार्यों को गति दे रहे हैं। आदित्य सुरजेवाला ने उद्घाटन के दौरान कहा कि मेरा लक्ष्य है कि हर गांव और हर वार्ड में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हों। चौपाल सिर्फ एक इमारत नहीं, बल्कि सामुदायिक एकता का प्रतीक है। आने वाले समय में और भी विकास परियोजनाएं शुरू की जाएंगी। विपक्ष में होने के बावजूद भी कैथल हल्के में विकास कार्यों की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

## बस से उतर रही महिला को कार ने रौंदा, मौत

- गांव गढ़ी बस अड्डे पर हुआ हादसा कार चालक पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गढ़ी बस अड्डे पर बस से उतर रही महिला को पीछे से आ रही तेज रफतार कार ने टक्कर मार दी। जिसमें महिला की मौत हो गई। गढ़ी थाना पुलिस ने मृतका के बेटे की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव पीपलथा निवासी जसविंद्र कौर (55) पंजाब की तरफ से बस में सवार होकर गढी बस अड्डे पर उतर रही थी। उसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफतार कार ने उसे टक्कर मार दी। जिसमें जसविंद्र कौर गंभीर रूप से घायल हो गई। कार चालक महिला को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल नरवाना ले गया। जहां पर चिकित्सकों ने जसविंद्र कौर की गंभीर हालात देख अग्रोहा मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। हालातों को देखते हुए परिजन जसविंद्र कौर को हिसार के निजी अस्पताल ले गए। जहां पर उपचार के दौरान जसविंद्र कौर की मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर गढ़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतक के बेटे गांव पीपलथा निवासी अंग्रेज सिंह ने बताया कि उसकी मां जसविंद्र कौर अपनी रिश्तेदारी पंजाब से घर लौट रही थी। गढ़ी बस अड्डे पर बस से उतरते कार ने उसे टक्कर मार दी। कार चालक की पहचान गांव धनौरी निवासी सुशील के रूप में हुई। गढ़ी थाना पुलिस ने मृतका के बेटे की शिकायत पर कार चालक सुशील के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गढ़ी थाना के जांच अधिकारी भीम सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में महिला की मौत की सूचना मिली थी। फिलहाल मृतका के बेटे की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

### अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, बाइक सवार की मौत, दूसरा गंभीर

**जींद।** गांव ईक्कस के निकट तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि मृतका का मौसेरा भाई घायल हो गया। सदर थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर फरार अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव कैलरम (कैथल) निवासी संजय (22) तथा उसकी मौसी का बेटा गांव डाहोर निवासी सौरभ (17) गांव बनभौरी देवी के दर्शन करने गए हुए थे। दोनों बाइक पर सवार होकर जींद की तरफ लौट रहे थे। गांव ईक्कस के निकट तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को अंजाम देकर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। गंभीर हालात में दोनों को राहगीरों ने नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सको ने सौरभ को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। घायल संजय ने बताया कि सौरभ तीन बहनों के बीच अकेला भाई था। हाल ही में उसने बारहवीं की परीक्षा पास की थी। कालेज मे दाखिला लेना चाहता था। सौरभ की मौत ने पूरे परिवार को तोड़ कर रख दिया है। सदर थाना पुलिस ने घायल संजय की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सदर थाना की जांच अधिकारी रीना ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया है। फिलहाल अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।



**कलायत।** डा.अर्चना गुप्ता को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने पर मिठाई बांटते पार्षद।

### डा. अर्चना गुप्ता के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी, कलायत में पार्षदों ने बांटी मिठाई

**कलायत।** भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष पद पर डा.अर्चना गुप्ता की नियुक्ति के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में खुशी का माहौल है। नगर पालिका वार्ड नंबर 12 पार्षद अमित वाल्मीकि ने डा.अर्चना गुप्ता को नई जिम्मेदारी मिलने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। पार्षद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा डा.अर्चना गुप्ता को हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में पार्टी प्रदेश में संगठनात्मक गतिविधियों को नई गति प्रदान करेगी व कार्यकर्ताओं को मजबूत नेतृत्व मिलेगा। इस अवसर पर मिठाइयां बांटीं और शुभकामनाएं दी गई। पार्षद प्रवीण कांसल, राजेश बेदी व दूसरे जन प्रतिनिधियों ने कहा कि पार्टी की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में सभी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगे।

### साइबर ठगी का नया तरीका, कोरियर के नाम पर रहें सावधान

**कैथल।** जिला कैथल में पुलिस द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को साइबर अपराधो से बचने हेतु जागरूक किया जा रहा है। इस अभियान के तहत पुलिस द्वारा शहरी/ग्रामीण क्षेत्र तथा स्कूल व कॉलेज इत्यादि में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है । एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि वर्तमान समय में कोरियर के नाम पर वित्तीय ठगी के मामले सामने आ रहे हैं ।

उक्त वित्तीय धोखाधड़ी के तरीका वारदात के बारे में एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि जालसाज आपके पास कॉल या मैसेज करते है और कहते है की आपका पासपोर्ट या अन्य कोई सामान का कोरियर आना है।

### पेयजल को सर्विस स्टेशन, हरी सब्जी में उपयोग करने वालों पर कार्रवाई

## विभाग ने काटे दर्जनों अवैध कनेक्शन, 110 को नोटिस

**जल संरक्षण अभियान के तहत विभाग की टीम घर-घर जाकर कर रही है पेयजल कनेक्शन चैक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** कार्रवाई करते हुए टीम। फोटो : हरिभूमि

पेयजल को सर्विस स्टेशन, हरी सब्जी व हरा चारा लगाने में उपयोग वाले कनेक्शन सहित दर्जनों अवैध कनेक्शन को विभाग की टीम ने विशेष अभियान के तहत काट दिया ओर करीब 110 अवैध कनेक्शन व पानी बर्बाद करने वालों को नोटिस दिया गया है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार डा. रणधीर मताना ने रविवार को बताया कि हर घर तक स्वच्छ व पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए चलाए जा रहे जल संरक्षण व पेयजल रिकवरी अभियान के तहत गांव करसिंधु, सुदकैन खुर्द, भगवानपुरा, बरसाना, खूंगा, किशनपुरा, ढाकल, जामनी, बुराडैहर व दनौदा खुर्द में अभियान चलाया। टीम ने पाया कि ग्रामीण क्षेत्र व शहरी क्षेत्र में कुछ पेयजल उपभोक्ताओं द्वारा सर्विस स्टेशन के लिए पेयजल का उपयोग किया जा रहा है जोकि गलत है। अगर कोई उपभोक्ता ऐसा करता पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा कुछ लोगों द्वारा सब्जी व हरे चारे के लिए भी पेयजल का गलत तरीके से उपयोग किया जाता है। अगर कोई भी उपभोक्ता पेयजल का उपयोग सब्जी उगाने व हरा चारा उगाने के लिए करता हुआ पाया जाता है तो उसका पेयजल का कनेक्शन काट कर उसके खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की जा रही है। स्वच्छ पेयजल के लिए विभाग की टीम पाइप लाइन लीकेज व अस्वच्छ कनेक्शन को तुरंत ठीक कर रही है।

**एक मार्च से सभी शहरों में पेयजल बिल रिकवरी अभियान**

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार डा. रणधीर मताना ने बताया कि एक मार्च 2026 से जिला जींद के सभी पांचों शहरों जींद, जुलाना, सफीदों, उचाना व नरवाना में पेयजल बिल एकत्रित करने के लिए विशेष जोरदार अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में घर-घर जाकर उपभोक्ताओं को बिल जमा करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। उपभोक्ता अपना पेयजल व सीवरेज का बिल ऑनलाइन व ऑफलाइन जमा करवा सकते हैं।

# नागरिक अस्पताल में सफाई व्यवस्था को मजबूत करने की कवायद

## अस्पताल के सफाई क्षेत्र को चिन्हित करने का कार्य शुरू, करवाई मैपिंग

- नागरिक अस्पताल में सफाई व्यवस्था का किया जाना है टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। नागरिक अस्पताल का प्रथम तल, जिसकी मैपिंग करवाई गई है। फोटो : हरिभूमि

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में सैनिटेशन टेंडर के तहत सफाई कार्यों को बेहतर ढंग से चलाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों का चिन्हांकन करने के निर्देश जारी किए गए हैं। इसे लेकर शनिवार को अस्पताल परिसर में चिन्हांकन कार्य की शुरूआत की गई। सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने एरिया में चिन्हांकन करवाया ताकि सफाई व्यवस्था को दुरूस्त किया जा सके।

**नागरिक अस्पताल में सफाई व्यवस्था का किया जाना है टेंडर:** मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा इस संबंध में सभी संबंधित अधिकारियों को पत्र भी लिखा है। पत्र के अनुसार स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा पंचकूला के महानिदेशक के आदेशानुसार नागरिक अस्पताल जींद में सेनिटेशन टेंडर निकाला गया है। इसके तहत अस्पताल परिसर को एक्चुअल एरिया, वैरी हाई रिस्क एरिया, हाई रिस्क एरिया, मॉडरेट रिस्क एरिया, शौचालय, बाहरी क्षेत्र, कूडा संग्रहण क्षेत्र में स्पष्ट रूप से चिन्हित करने को कहा गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सभी चिकित्सा अधिकारियों, उप चिकित्सा अधिकारियों और जनरल इंजीनियर को तत्काल निर्देश दिया है कि वे साइट मैप के साथ इन क्षेत्रों का चिन्हांकन सुनिश्चित करें। इससे सफाई एजेंसी को स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी और सफाई व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाया जा सकेगा। मैपिंग की जानकारी महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा को भेजी जाएगी। बाकायदा इस कार्य की एक प्रति एक्सईएन भवन एवं निर्माण पीडब्ल्यूडी विभाग जींद को भी भेजी गई है।

### यह है महत्व

अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थान पर जोखिम आधारित क्षेत्रों का चिन्हांकन बेहद जरूरी है। इससे संक्रमण का खतरा कम होगा और सफाई एजेंसी अपनी जिम्मेदारी स्पष्ट रूप से समझ पाएगी। वैरी हाई रिस्क एरिया जैसे (ओटी, आईसीयू, इमरजेंसी) में विशेष ध्यान दिए जाने की संभावना है। अस्पताल में सफाई को लेकर अगर अब जोखिम के आधार पर क्षेत्र चिन्हित हो जाएंगे तो बेहतर तरीके से सफाई होगी।

### महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाओं के दिशा-निर्देश पर मैपिंग कार्य शुरू : डा. भोला

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि मैपिंग को लेकर महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा दिशा-निर्देश दिए गए हैं। आदेशों की प्रति प्रधान चिकित्सा अधिकारी कार्यालय की तरफ से सभी संबंधित विभागध्यक्ष, नर्सिंग अधिकारी, रेडियोग्राफर को दे दी गई है। यह प्रक्रिया जल्द पूरी कर ली जाएगी ताकि टेंडर प्रक्रिया सुचारू रूप से आगे बढ़ सके।



जींद। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल के छात्र तलवारबाजी में छाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

- प्राचार्य डा. नीरज कुमार ने विजेता खिलाडियों को बधाई दी

डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डा. नीरज कुमार ने बताया कि खलाडियों ने 21वीं कैडेट राष्ट्रीय तलवारबाजी प्रतियोगिता में परचम लहराया है। यह प्रतियोगिता उत्तराखंड के रुद्रपुर में 23 मई से 28 मई 2026 तक हुई। खिलाडियों ने 21वीं कैडेट राष्ट्रीय तलवारबाजी खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, जिले व राज्य का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में विद्यालय के कई खिलाडियों ने भाग लिया और शानदार उपलब्धियां हासिल की। फॉयल इवेंट में भाग लेते हुए मेयश महलान ने एकल प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा टीम में भी द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं लड़कियों ने फॉयल इवेंट में भाग लेकर प्राची तथा लक्षिता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। एप्पी इवेंट में जतिन ने प्रथम स्थान तथा सेवरी में केशव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डा. नीरज कुमार ने विजेता खिलाडियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास करते हैं। उन्होंने सभी विजेता खिलाडियों की उपलब्धियों पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें व कोच वीना सैनी तथा दिनेश को शुभकामनाएं दी।

# एबीवीपी ने उठाई यूजी रिवॉल्यूशन परिणाम जल्द जारी करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

- विद्यार्थियों के हित में सात दिन के भीतर परिणाम घोषित करने का आग्रह

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जींद विश्वविद्यालय इकाई ने चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय प्रशासन से यूजी प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के सभी एनईपी एवं नॉन एनईपी पाठ्यक्रमों के रिवॉल्यूशन परिणाम जल्द जारी करने की मांग की है। सीआरएसयू में एबीवीपी इकाई अध्यक्ष सतविंदर ढिल्लो ने बताया कि परिणामों में हो रही देरी के कारण हजारों विद्यार्थियों को विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रशासनिक प्रक्रियाओं में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। वर्तमान समय में अनेक विद्यार्थी उच्च शिक्षा में प्रवेश, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के आवेदन, छात्रवृत्ति योजनाओं, काउंसलिंग प्रक्रियाओं तथा अन्य शैक्षणिक अवसरों के लिए आवेदन कर रहे हैं। ऐसे में जिन विद्यार्थियों ने अपने परीक्षा परिणामों के पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन किया था, वे अपने संशोधित परिणामों की प्रतीक्षा कर रहे हैं। परिणाम घोषित नहीं होने के कारण विद्यार्थियों के सामने अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है। विश्वविद्यालय का दायित्व है कि विद्यार्थियों के शैक्षणिक हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए रिवॉल्यूशन प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा करे। कई छात्र ऐसे हैं। जिनके अंकों में परिवर्तन होने की संभावना है और उनके संशोधित परिणाम उनके भविष्य की दिशा तय कर सकते हैं। यदि परिणाम समय पर जारी नहीं किए गए तो विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया, मेरिट सूची, स्कॉलरशिप सत्यापन तथा अन्य महत्वपूर्ण कार्यों में नुकसान उठाना पड़ सकता है। एबीवीपी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रोहन सैनी ने बताया विश्वविद्यालय प्रशासन को याद दिलाया कि नई शिक्षा नीति और पारंपरिक पाठ्यक्रमों दोनों के विद्यार्थियों को समान रूप से परिणामों का इंतजार है। विश्वविद्यालय प्रशासन को तकनीकी एवं प्रशासनिक प्रक्रियाओं को शीघ्र पूरा कर अधिकतम सात दिनों के भीतर सभी लंबित परिणाम घोषित करने चाहिए। इससे विद्यार्थियों की शंकाएं दूर होंगी तथा वे अपने आगामी शैक्षणिक और व्यावसायिक लक्ष्यों की ओर बढ़ सकेंगे।

# रिटायर्ड कर्मचारियों को आठवें वेतन आयोग का दिया जाए पूरा लाभ

- वर्तमान एलटीसी सुविधा को जारी रखने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। बैठक में भाग लेते हुए रिटायर्ड कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

रिटायर्ड कर्मचारी अधिकारी एसोसिएशन की बैठक प्रधान किताब सिंह भनवाला की अध्यक्षता में जाट धर्मशाला में संपन्न हुई। बैठक का एजेंडा कुलदीप सिंह ने पेश किया। एजेंडे पर प्रकाश डालते हुए प्रधान किताब सिंह ने बताया की आठवें वेतन आयोग की टर्म्स आफ रेफरेंस रिटायर्ड कर्मचारियों के लिए आठवें वेतन आयोग के लाभों के बारे में भ्रमित करने वाली हैं। क्योंकि ऐसी शर्तें पहले किसी वेतन आयोग के गठन के समय नहीं लगाई गई थी। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा एलटीसी के बारे में 13 मार्च को जारी आदेशों में कहा गया है कि एलटीसी के रूप में जो एक माह की सैलरी का प्रावधान किया गया है वह 31 दिसंबर 2027 तक ही लागू रहेगा। उसके बाद एक जनवरी 2028 से एलटीसी के नए नियम प्रभावित हो जाएंगे। जिसमें जो रिटायर्ड कर्मचारी या कर्मचारी वास्तव में किसी होम टाउन या भारत के किसी स्थल पर वास्तव में यात्रा करेंगें, उन्ही को ही एलटीसी का लाभ दिया जाएगा। बैठक में सरकार से मांग की गई कि वर्तमान एलटीसी सुविधा को ही जारी रखा जाए। जिसमें एक माह की सैलरी का प्रावधान किया जाता है और नए नियम पर पुनर्विचार करते हुए इनको वापस लिया जाए। उन्होंने कहा कि पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए माननीय उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने आदेश पारित किया है। जिसमें कहा गया कि यदि कोई कर्मचारी सेवानिवृत्ति साल में नौ महीने या उससे अधिक की सेवा पूरी करता है तो वह एक वार्षिक वेतन वृद्धि का हकदार होगा।

### ये हैं प्रमुख मांगें

बैठक में सरकार से मांग की गई कि सरकार माननीय उच्च न्यायालय की खंडपीठ द्वारा पारित आदेश को शीघ्र लागू करे और सभी रिटायर्ड कर्मचारियों को इसका लाभ दिया जाए। कैशलेस मेडिकल सुविधा लागू की जाए, मेडिकल भत्ता एक हजार से बढ़ कर तीन हजार करना, फैमिली पेंशनर्स को भी एलटीसी सुविधा देना, माननीय न्यायालयों द्वारा रिटायर्ड कर्मचारियों के हक में दिए गए फैसलों का सामान्यीकरण करते हुए उन्हें सभी लागू करना आदि मांगों को सरकार से शीघ्र पूरा करने की मांग की गई। यि सिंह खटकड़, जयनारायण पिलानिया, शमशेर सिंह ढांडा आदि रहे।

# पहला कदम फाउंडेशन ने आयोजित की प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। बच्चों द्वारा बनाए गए पोस्टर।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर पहला कदम फाउंडेशन द्वारा ऑनलाइन वेबिनार एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कर लोगों को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों के लिए ऑनलाइन पेंटिंग, भाषण एवं निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के अनेक बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पेंटिंग प्रतियोगिता में सीधी गौड़ ने प्रथम, दिव्या ने द्वितीय तथा अनुष्का शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं भाषण प्रतियोगिता में महिमा गौड़ ने प्रथम, आयुषी ने द्वितीय तथा पार्थ ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों ने तंबाकू मुक्त समाज के संदेश को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश वशिष्ठ ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों को तंबाकू सेवन से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा इस अभियान की शुरुआत वर्ष 1987 में की गई थी।



### पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हुए नौ कर्मचारी, उप पुलिस अधीक्षक ने दी सम्मान के साथ विदाई

**जींद।** पुलिस विभाग जींद से नौ पुलिस कर्मचारी सेवानिवृत हुए हैं। जिनको उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय संदीप कुमार ने विदाई समारोह के दौरान फूलमाला, पगड़ी, स्मृति चिह्न, सूटकेस व डीनर सेट व अन्य उपहार देकर सम्मान के साथ अपने आगामी जीवन के बारे में शुभकामनाएं दी। इस मौके पर वैलफेयर उपनिरीक्षक धर्मपाल, पुलिस प्रवक्ता राजेश कुमार, सेवानिवृत पुलिस कर्मचारी प्रेम सिंह बांगड के अलावा पुलिस विभाग जींद के अन्य कर्मचारी, सेवानिवृत जाने वाले कर्मचारी व उनके परिवार के सदस्य मौजूद रहे। इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय जींद संदीप कुमार ने कहा कि अपने जीवन का अमूल्य समय पुलिस विभाग तथा जनता की सेवा में लगाने पर सकुशल सेवानिवृत होने वाले कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत होने वाले कर्मचारी खुद को हर जिम्मेदारी से रिटायर न समझ कर समाज सेवा के कार्यों में लिप्त रखें।

### दनौदा से ब्रह्माकुमारी संस्थान का नशा छोड़ो अभियान शुरू, खाप प्रधान रघुबीर नैन ने दिखाई हरी झंडी

**नरवाना।** सर्वजातीय बिनैण खाप की राजधानी दनौदा से रविवार को ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा नशा छोड़ो अभियान की शुरुआत की गई। अभियान का शुभारंभ सर्वजातीय बिनैण खाप के प्रधान रघुबीर नैन ने हरी झंडी दिखा कर किया। इस अवसर पर खाप प्रधान रघुबीर नैन ने कहा कि नशा समाज और युवाओं के भविष्य के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। नशे के कारण परिवार, समाज और देश को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल और सामाजिक कार्यों में भाग लेने का आह्वान किया। ब्रह्माकुमारी संस्थान के पदाधिकारियों ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है।



जींद। नशा छोड़ो अभियान को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए बनियान खाप के प्रधान रघुवीर नैन।

**जागरूकता** सेमिनार का उद्देश्य युवाओं तथा आम नागरिकों को तंबाकू के नुकसान बताना रहा

# नशे के प्रयोग से शरीर ही नहीं बल्कि परिवार भी हो रहे बर्बाद: नरेश जागलान

नशे के सेवन से प्रतिवर्ष लाखों लोग तंबाकू जनित बीमारियों के कारण अपनी जान गंवा देते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। कार्यक्रम में नशे को लेकर प्रेरित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

जिला विधिक सेवा प्राधिकरणए जींद के मार्गदर्शन में नई सोच नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं तथा आम नागरिकों को तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में मनोवैज्ञानिक एवं सदस्य जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरेश जागलान ने मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि तंबाकू सेवन आज विश्वभर में एक गंभीर जनस्वास्थ्य चुनौती बन चुका है। प्रतिवर्ष लाखों लोग तंबाकू जनित बीमारियों के कारण अपनी जान गंवा देते हैं। धूम्रपान, गुटखा, खैनी, जर्दा तथा अन्य तंबाकू उत्पाद न केवल कैंसर जैसी घातक बीमारियों का कारण बनते हैं बल्कि हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारियां, उच्च रक्तचाप तथा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को भी बढ़ावा देते हैं। इस अवसर पर समाज सेविका डा. मीना शर्मा ने कहा कि नशे की शुरुआत अक्सर जिज्ञासा, मित्रों के दबाव, तनाव या गलत संगति के कारण होती है लेकिन धीरे-धीरे यह व्यक्ति की आदत और फिर लत बन जाती है।

### स्वस्थ शरीर सफलता की कूंजी

एडवोकेट देवराज मलिक ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन का होना अत्यंत आवश्यक है। यदि युवा अपनी ऊर्जा को सकारात्मक कार्यों, खेलों, योग, ध्यान और रचनात्मक गतिविधियों में लगाएं तो वे न केवल नशे से दूर रह सकते हैं बल्कि अपने जीवन के लक्ष्यों को भी अधिक प्रभावी ढंग से प्राप्त कर सकते हैं। नई सोच नशा मुक्ति हुए पुनर्वास केंद्र के निदेशक अजय मल्होत्रा ने बताया कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित नहीं करता बल्कि उसके परिवारए सामाजिक संबंधों और आर्थिक स्थिति पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। नशे की वजह से परिवारों में तनाव, घरेलू कलह, आर्थिक कठिनाइयां तथा सामाजिक समस्याएं उत्पन्न होती हैं।

## खबर संक्षेप



जींद। शिविर में 70वीं बार रक्तदान करते हुए अशोक खर्ब। फोटो : हरिभूमि

### जेसीआई एल्यूमिनी क्लब ने लगाया रक्तदान शिविर

**जींद।** जेसीआई एल्यूमिनी क्लब ने नागरिक अस्पताल में ब्लड कैंप का आयोजन किया। इसमें 24 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। मुख्य अतिथि जेसीआई के जोन अध्यक्ष अमित गौड़ एवं एल्यूमिनी क्लब के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने संयुक्त रूप से पहुंचकर रक्तदातों का हौंसला बढ़ाया। प्रदीप कुमार ने कहा कि कैंप में अशोक खर्ब ने 70वीं बार, विनोद, प्रमोद, विजय एवं रेशव ने 34-34वीं बार रक्तदान किया।

### संघ के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष हुए सेवानिवृत्त

**जींद।** अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ हरियाणा के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष सुभाष शर्मा बिजली निगम में 35 साल की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हो गए। उनके सम्मान में नरवाना सब डिवीजन और उनके पैतृक गांव भीखेवाला में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता नरवाना डिवीजन अध्यक्ष राकेश शर्मा ने की। जबकि मंच का संचालन जिला कार्यालय सचिव सागर ने किया।

### बुआना में बाबा दरियाई नाथ के डेरे पर लगा भंडारा

**जींद।** गांव बुआना के बाबा दरियाई नाथ के डेरे में रविवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। यह धार्मिक कार्यक्रम सुबह सात से सायं बजे तक चला। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह सात बजे बाबा दरियाई नाथ की विशेष पूजा अर्चना, हवन, आरती और 56 भोग से हुई। भंडारे में गांव के अलावा दूर दराज से लोग पहुंचे। पूरा दिन भंडारा चला। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से मुफ्त स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

### अधिकमास की पूर्णिमा पर लगाया मंदिर में भंडारा

**उचाना।** अधिकमास की पूर्णिमा पर पुरानी मंडी स्थित महाराजा अग्रसेन मंदिर धर्मशाला में महिलाओं द्वारा भंडारा लगाया गया। मंदिर पुजारी अशोक पुजारी ने अधिकमास की पूर्णिमा के महत्व के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि अधिकमास में दान का बड़ा महत्व होता है। अधिकमास की पूर्णिमा के पक्ष में महिलाओं द्वारा भंडारे का आयोजन किया है।

### 29 जून को मनाई जाएगी संत कबीर जयंती

**जींद।** आगामी 29 जून को जींद-अशरफगढ़ रोड पर निर्माणाधीन संत कबीर छात्रावास में संत कबीर जयंती प्रकट उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। पंजीकृत सामाजिक संस्था संत कबीर महासभा के एक प्रतिनिधि मंडल ने 28 मई को राज्य सभा सांसद कर्मवीर सिंह बौद्ध से चंडीगढ़ में संपर्क कर मुख्यअतिथि के रूप में समय देने लिए निवेदन किया। सांसद ने 29 जून को संत कबीर प्रकट उत्सव में मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित होने की हामी भरी और कहा कि समाज के सभी लोगों को संत शिरोमणि कबीरदास की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनानी चाहिए।

### आमजन से दोपहर में बाहर नहीं निकलने की अपील

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने जिलेवासियों से नौतपा और लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी के दौरान विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि 25 मई से एक जून तक लू चलने और तापमान अधिक रहने की संभावना है। ऐसे में सभी नागरिक स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों का पालन करें ताकि हीट वेव के दुष्प्रभावों से बचा जा सके। उपायुक्त ने बताया है कि दोपहर 12 बजे से तीन बजे तक गर्मी अपने चरम पर रहती है। इस दौरान अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचें। यदि किसी जरूरी कार्य से बाहर जाना पड़े तो सिर को कपड़े, टोपी या छाते से ढककर निकलें। हल्के रंग और सूती कपड़े पहनें तथा बार-बार पानी पीते रहें।

### फांसी के फंदे पर लटकता मिला महिला का शव

**जींद।** गांव बरहाखुर्द में रविवार को एक महिला ने संदिग्ध हालात के चलते फांसी का फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। मृतक ने लगभग आठ महीने पहले लव मैरिज की थी। मृतका के शव को नागरिक अस्पताल के शव गृह मे रखवाया गया है। महिला ने फांसी क्यो लगाई इसका खुलासा नही हो पाया है। सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव बराह खुर्द निवासी सनम की पत्नी महक (21) ने रविवार दोपहर को अपने कमरे में संदिग्ध हालात के चलते फांसी का फंदा लगा लिया। घटना का परिजनों को उस समय पता चला जब महक काफी देर तक बाहर नही आई। जब उन्होंने दरवाजा खोल कर देखा तो वह पंखे से फांसी के फंदे लटकी हुई थी। घटना की सूचना पाकर सदर थाना पुलिस फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच गई।

### बुजुर्ग महिला की सोने की बालियां लूटने का मामला

**जींद।** सफीदों में बुजुर्ग महिला के कानों की बालियां झपटने वाले आरोपितों से पुलिस ने बालियां बरामद कर ली हैं। इसके अलावा वारदात में प्रयोग की गई बाइक भी पुलिस ने बरामद करके कब्जे में ले ली है। आरोपित दो दिन के रिमांड पर चल रहे हैं। सोमवार को उनको दोबारा अदालत में पेश किया जाएगा। शहर थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार ने बताया कि अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। रिमांड के दौरान पुलिस ने विकास, राहुल व सुनील से सोने की बालियां बरामद कर ली हैं। तीनों इन बालियों को बेचने की फिराक में थे, जिससे पहले ही वह पकड़े गए। पुलिस ने वह बाइक भी बरामद कर ली हैए जिस पर आरोपित आए थे। सीसीटीवी फुटेज, काल डिटेल के आधार पर जब पुलिस को यह

### उचाना में मनाई गई महर्षि कश्यप जयंती

**उचाना।** उचाना में स्थित बीसी धर्मशाला में महर्षि कश्यप जयंती समारोह में भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कश्यप समाज द्वारा रखी गई सभी मांगों को स्वीकार किया। अत्री ने उचाना के सभी निवासियों से आह्वान किया कि समाज में समरसता बनाए रखने के लिए इस तरह के आयोजनों को जारी रखा जाना चाहिए। महर्षि कश्यप के दिखाए मार्ग पर हमें चलना चाहिए। महापुरूषों को सम्मान देने का काम भाजपा ने किया है। महापुरूषों की जयंती मनाने की शुरूआत भाजपा ने प्रदेश में की। पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला द्वारा प्रधानमंत्री के काफिले को लेकर उठाए गए सवाल पर विधायक अत्री ने कहा कि लोकतंत्र में कोई भी कुछ भी कहने के लिए स्वतंत्र है।

### कांग्रेस विधानसभा सत्र में उठाएगी प्लांट बनाने का मामला

**जींद।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष हरियाणा भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि जींद के रिहायशी क्षेत्र में बनाया गया बायो गैस प्लांट पूरी तरह से गलत है। सरकार को तुरंत रिहायशी क्षेत्र से बायो गैस प्लांट शिफ्ट कराना चाहिए। इस मसले को कांग्रेस विधायक आने वाले विधानसभा सत्र में भी पूरे जोर-शोर से उठाने का काम करेंगे। कांग्रेस जनता.जनार्दन के साथ खड़ी है। पूर्व मुख्यमंत्री ने ये शब्द रविवार को रोहतक में अपने निवास पर उस समय कहे जब जींद के गोहाना रोड से सटे बायो गैस प्लांट के मामले को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल ने उनको ज्ञापन सौंपा।

### भाकियू के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष गौरव टिकैत आज जींद में

**जींद।** जींद के गुलकनी गांव में एक जून को भारतीय किसान यूनियन द्वारा किसान शहीदी दिवस मनाया जाएगा। इसमें मुख्य रूप से राकेश टिकैत के भतीजे भाकियू के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव टिकैत पहुंचेंगे। इस दौरान 26 जनवरी को ट्रैक्टर यात्रा के दौरान जान गंवाने वाले किसान रामराय निवासी भीरा की मूर्ति का भी अनावरण किया जाएगा। भाकियू के प्रेस प्रवक्ता रामराजी ढुल ने जानकारी देते हुए बताया कि 26 जनवरी को नौगामा के गांवों में ट्रैक्टर यात्रा निकाली जा रही थी तो उस दौरान 68 वर्षीय भीरा की ट्रैक्टर के नीचे आने से मौत हो गई थी।

### पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना का उठाएं लाभ

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना नागरिकों के लिए कारगर सिद्ध हो रही है। इन योजनाओं के फार्म प्रत्येक बैंक व डाकघर में उपलब्ध हैं। इन योजनाओं में निर्धारित वार्षिक प्रीमियम जमा करवा कर दो लाख रुपये तक का बीमा होता है। डीसी ने बताया कि केंद्र सरकार ने प्रत्येक बैंक उपभोक्ता को जीवन सुरक्षा बीमा योजना का लाभ देने के लिए दो स्कीमें चलाई हुई हैं। सामाजिक सुरक्षा योजना सामान्य परिवार को मुश्किल की घड़ी में आर्थिक समर्थन देकर मजबूत बनाती है।

## खबर संक्षेप

### बस स्टैंड पर शुरू की पानी की छबील

**पूंडरी।** पर्यावरण एवं संस्कृति संरक्षण मंच पूंडरी की ओर से बस स्टैंड पूंडरी पर पानी की छबील सेवा शुरू की गई है। भयंकर गर्मी को देखते हुए लोगों की प्यास बुझाने के लिए ये सेवा शुरू की गई है और ठंडे पानी की ये सेवा गर्मी के पूरे सीजन तक चलेगी। ठंडे पानी की इस सेवा का शुभारंभ मंच के उपप्रधान आचार्य निरंजन ने किया व मंच के फाउंडर मेंबर सरदार कुलदीप सिंह भी अमेरिका से इस मुहिम का हिस्सा बने।

### 38 वर्षों की सेवा के बाद प्रिंसिपल रामसिंह सेवानिवृत्त

**कैथल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दीवाल के प्रिंसिपल राम सिंह 38 वर्षों के सफल एवं समर्पित सेवाकाल के उपरांत सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, कर्मचारी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने रामसिंह के उत्कृष्ट कार्य, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में उनके योगदान की सराहना की। रामसिंह ने ड्राइंग अध्यापक से अपने करियर की शुरुआत की।

### प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए रणनीति बनाई

**राजौंद।** इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) द्वारा 1 जून को बढ़ती महंगाई के विरोध में प्रस्तावित जिला स्तरीय प्रदर्शन को लेकर जिला मीडिया प्रभारी कंवर पाल राणा ने कहा कि लगातार बढ़ रही महंगाई से आम जनता का जीना मुश्किल हो गया है और सरकार इस पर नियंत्रण करने में पूरी तरह विफल रही है। कंवर पाल राणा ने बताया कि 1 जून को जिला मुख्यालय पर इनेलो द्वारा एक विशाल विरोध प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और आमजन भाग लेंगे। इस प्रदर्शन के माध्यम से सरकार को जनता की समस्याओं से अवगत करवाया जाएगा और महंगाई पर अंकुश लगाने की मांग उठाई जाएगी। उन्होंने कहा कि हाल ही में पार्टी कार्यालय में हुई बैठक में प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए रणनीति तैयार की गई है।

### साइकिल यात्रियों का होगा भव्य स्वागत

**कैथल।** कैपिस्थल की पावनधरा जो वर्षों पहले देश के रक्षक (सैनिकों) वीर योद्धाओं का पारगमन शिविर यानी ट्रांजिट कैंप है। जहां पर हमारे जांबाज वीर सैनिकों का काफिला आकर विश्राम करता था और कुछ समय रुक कर अपनी अगले प्रोग्राम की रूप रेखा बनाता था। इस पवित्र भूमि, हरियाणा शहीद स्मारक पार्क रोड कैथल से 2 जून 2026 मंगलवार प्रातः 7:30 बजे पुरानी पेंशन संग्रह समिति कैथल द्वारा, ओ पी एस संकल्प साइकिल यात्रा का शुभारंभ होगा। जिसमें पुरानी पेंशन बहाली संग्रह समिति कैथल के पदाधिकारी, सदस्यों एवं राज्य स्तर के पदाधिकारी और जिला कैथल के वो पूर्व सैनिक व अर्ध सैनिक बलों से सेवानिवृत होकर राज्य सरकार में अपनी सेवाएं दे रहे हैं वो सभी पूर्व सैनिक भी शामिल होंगे। पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल के प्रधान जगजीत फौजी ने ओपीएस संकल्प साइकिल यात्रा में हमारे पूर्व सैनिक समर्थन करेंगे।

## महंत गुरु प्रसाद की अगुवाई में दिया सद्भावना का संदेश

# कलायत में नेशनल हाइवे से श्री रैदास तख्त तक धार्मिक शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत वार्ड नंबर एक स्थित श्री रैदास तख्त हरियाणा के परिसर में रविवार को भव्य धार्मिक समागम का आयोजन किया गया। रथ में सवार श्री रैदास तख्त के मुख्य महंत गुरुप्रसाद के साथ भारी संख्या में शामिल श्रद्धालुओं के कारवां के साथ धार्मिक यात्रा नेशनल हाइवे से शुरू होकर श्री रैदास तख्त पर संपन्न हुई। इस यात्रा ने वातावरण को भक्तिमय से सराबोर कर दिया। महंत गुरुप्रसाद के जन्मदिन उपलक्ष्य में संत परंपरा, भक्ति आंदोलन और सामाजिक सद्भावना का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया। हालांकि महंत का जन्म दिन 6 जून को मनाया जाता है। इस पल को धार्मिक सामागम के साथ जोड़ते हुए यादगार बनाया गया। कई किलोमीटर लंबी इस यात्रा में महिलाओं, बुजुर्गों, युवाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



**कैथल।** कलायत के श्री रैदास तख्त पर पहुंचे संत-महंत।



**कैथल।** कलायत में धार्मिक यात्रा में उमड़ा जन सैलाब।

श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए आगे बढ़ रहे थे। यात्रा का जगह-जगह श्रद्धालुओं और सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। नगरवासियों ने यात्रा का जोरदार अभिनंदन करते हुए धार्मिक एकता और भाईचारे का संदेश मजबूत किया। समागम के मुख्य कार्यक्रम महंत गुरु प्रसाद ने देश-प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे संत-महात्माओं के साथ संत शिरोमणि गुरु रविदास, विभिन्न वर्गों की आस्थान से जुड़े महापुरुषों के जीवन, विचारों एवं समाज सुधार में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उनके साथ मुख्य रूप से महात्मा मेहर दास, महात्मा गुरनाम दास नैना धोंस, बालकिशन दास, महात्मा तीरा दास व अन्य संत-महंत मौजूद रहे। आयोजन में समाज के विभिन्न वर्गों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। श्री रैदास तख्त प्रबंध कमेटी के प्रधान डा.प्रीतम कोलेखा द्वारा तय कार्ययोजना अनुसार विशिष्ठ मेहमान डा.सरस्वती चालिया, उपप्रधान धर्मपाल ज्येष्ठ, कोषाध्यक्ष सुभाष धानिया, सचिव राजेश ज्येष्ठ, राजेंद्र चौहान, सुरेंद्र धानिया सहित अन्य पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की सफलता पर सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

### प्रेरणादायी संदेश देने में सफल रही यात्रा

श्री रैदास तख्त पर भव्य धार्मिक कार्यक्रम को पार्षद कुमारी रेणु धानिया व पूर्व पार्षद विनोद जेष्ठ सहित पार्षदों, समाजसेवी संगठनों और विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों ने मेलजोल की भावना का बड़ा पैगाम बताया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार कार्यक्रम में महापुरुषों को साक्षी मानते हुए शिक्षा एवं जागृति पर चर्चा हुई वह आदर्श सोच का प्रतीक है। इस तरह आयोजन ने धार्मिक आस्था, एकता और भाईचारे का प्रेरणादायी संदेश दिया।

## राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अगोंध में कार्यक्रम

# भारतीय भाषा समर कैंप में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



**कैथल।** समर कैंप के समापन पर राजकीय स्कूल अगोंध के स्टाफ सदस्य तथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला चीका

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अगोंध में 25 मई से 31 मई 2026 तक भारतीय भाषा समर कैंप का सफल आयोजन किया गया। कैंप के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न भाषाई, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय के प्राचार्य संजय सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस सात दिवसीय कैंप में विद्यार्थियों को अभिवादन, वर्णमाला, संख्याएं, भूमिका अभिनय, फ्लैश कार्ड निर्माण, वास्तविक जीवन वार्तालाप, ऑडियो-वीडियो गतिविधियां, संगीत, नृत्य, चित्रकला, स्थानीय व्यंजन, श्रवण कौशल, कहानी, कठपुतली, इतिहास-भूगोल आधारित गतिविधियों तथा पारंपरिक खेलों से जोड़कर सीखने के अवसर प्रदान किए गए। कैंप के सफल संचालन में विद्यालय स्टाफ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**सात दिवसीय कैंप में छात्रों को विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया**

### प्रेरणादायक वातावरण मिला

इस अवसर पर विद्यालय की स्कूल प्रबंधन समिति से प्रधान प्रतिनिधि बलविंद्र सिंह विशपाल सिंह व सदस्यों एवं अभिभावकों ने भी सक्रिय सहयोग प्रदान किया। उनके सहयोग से कैंप की गतिविधियां सुचारु रूप से संचालित हुईं तथा विद्यार्थियों को प्रेरणादायक वातावरण प्राप्त हुआ।

# शिक्षकों को विषय के साथ-साथ छात्रों के चरित्र निर्माण नैतिक मूल्यों पर भी ध्यान देना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाखौली में विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर को और अधिक ऊंचा उठाने तथा बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शिक्षकों के लिए एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में विद्यालय के सभी अध्यापकों ने भाग लिया तथा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। विद्यालय के प्राचार्य ओ पी शर्मा ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि एक शिक्षक का कार्य केवल पाठ पढ़ाना नहीं बल्कि विद्यार्थियों को जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना भी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिक्षक को अपने विषय के साथ साथ विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण अनुशासन तथा नैतिक मूल्यों के विकास पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। सेमिनार में विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता बढ़ाने आधुनिक शिक्षण विधियों का प्रयोग कमजोर विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान नियमित मूल्यांकन तथा बोर्ड परीक्षा की बेहतर तैयारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा किए और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए नए सुझाव प्रस्तुत किए। प्राचार्य ओ पी शर्मा ने कहा कि मेहनती और समर्पित शिक्षक ही विद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकते हैं। शिक्षकों से प्रत्येक विद्यार्थी की प्रगति पर व्यक्तिगत ध्यान देने लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर प्रेरित करने का आह्वान किया।



**कैथल।** सेमिनार के दौरान मौजूद। फोटो : हरिभूमि

### छुट्टियों में कुछ नया सीखें हाथ का हुनर

**पूंडरी।** सामाजिक संस्था एक किरण उम्मीद की अध्यक्षा निधि मोहन ने कहा कि बच्चों के लिए गर्मी की छुट्टियां केवल मनोरंजन और आराम का समय नहीं होतीं, बल्कि यह स्वयं को निखारने और नई चीजें सीखने का सुनहरा अवसर भी होती हैं। छुट्टियों का सदुपयोग करते हुए बच्चों को कोई न कोई हुनर अवश्य सीखना चाहिए, क्योंकि हाथ का गुण जीवनभर व्यक्ति के काम आता है।

निधि मोहन ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में केवल किताबों की शिक्षा ही पर्याप्त नहीं है। बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ सिलाई, कढ़ाई, पेंटिंग, कंप्यूटर, संगीत, नृत्य, हस्तकला, खाना बनाना, योग अथवा अन्य रचनात्मक गतिविधियों का ज्ञान भी प्राप्त करना चाहिए। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और उनकी प्रतिभा को नई पहचान मिलती है। उन्होंने कहा कि हर बच्चे के अंदर कोई न कोई विशेष क्षमता होती है, जिसे पहचानकर विकसित करने की आवश्यकता है। छुट्टियों के दौरान सीखा गया एक छोटा-सा कौशल भी भविष्य में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

# समर कैंप बच्चों के भाषाई कौशल, आत्म विश्वास को करता है मजबूत: राजराणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सैर के सरकारी विद्यालय में आयोजित भाषा समर कैंप का समापन समारोह उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेश ढुल ने कहा कि भाषा समर कैंप बच्चों के भाषाई कौशल, आत्मविश्वास और रचनात्मकता के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन एवं भाषा ज्ञान बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। राजनीतिक प्रवक्ता राजेश राजराणा ने कहा कि ऐसे शिविर बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर सीखने और अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए मेहनत करने का संदेश दिया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न गतिविधियों और प्रस्तुतियों का प्रदर्शन किया गया।

अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी गईं। समापन समारोह में रघुबीर सिंह, देवेंद्र शर्मा, राजकुमार,सुमन लता, उषा रानी, विरेंद्र कौर, अजय सिंह, ऋषिपाल, अनिल कुमार, सुखदेव कुमार, रमनदीप, हरबिलास व अभिभावक मौजूद रहे।

**सैर के सरकारी विद्यालय में भाषा समर कैंप संपन्न**



**कैथल।** समर कैंप के समापन पर राजकीय स्कूल सैर के विद्यार्थी।




समर कैंप के समापन पर विद्यार्थी और स्टाफ सदस्य

### समर कैंप के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक लिया भाग

**कैथल।** राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पूण्डरी में आयोजित समर कैम्प के दौरान विद्यार्थियों के लिए पारंपरिक खेल, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, अंताक्षरी तथा विभिन्न मनोरंजक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों के बौद्धिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक विकास को बढ़ावा देना था। सोनू गर्ग प्राध्यापिका गणित ने बताया कि समर कैम्प में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक पारंपरिक खेलों में भाग लिया तथा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों के सामान्य ज्ञान, तर्कशक्ति एवं स्मरण क्षमता का विकास किया गया। वहीं अंताक्षरी कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को संगीत, भाषा एवं साहित्य से जोड़ने का कार्य किया। गणित विषय के प्रोबलिटी चैप्टर को कंचे और ताश के माध्यम से पढ़ाया। कैम्प के समन्वयक सुनील दत्त आत्रेय ने विद्यार्थियों को नाम स्मरण क्रीड़ा खिलाई, जिसमें बच्चों ने आनंदपूर्वक भाग लिया। इस गतिविधि से विद्यार्थियों की स्मरण शक्ति, एकाग्रता एवं आपसी परिचय को बढ़ावा मिला। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं तथा उनमें आत्मविश्वास और सहयोग की भावना विकसित करती हैं।

# आर्थिक तंगी से नहीं टूटने देंगे किसी बच्चे के सपने: सुषम कपूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

किसी बच्चे की आंखों में तैरते पढ़ाई के सपने जब गरीबी के सैलाब में डूबने लगते हैं, तो 'पंजाबी वेलफेयर सभा, कैथल' उनके लिए एक मज़बूत सहारा बनकर खड़ी हो जाती है। पिछले 12 वर्षों से 'पंजाबी वेलफेयर छात्रवृत्ति योजना' के माध्यम से सभा सैकड़ों होनहार बच्चों के अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प निभा रही है। रविवार को आयोजित हुई योजना की सब-कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधान सुषम कपूर ने कहा, 12 साल पहले हमने एक वादा किया था कि किसी भी माँ की आँखों में अपने बच्चे को पढ़ा न पाने का दर्द नहीं रहने देंगे। आज जब वही बच्चे डॉक्टर और इंजीनियर बनकर आशीर्वाद लेने आते हैं, तो हमें लगता है कि हमारा जीवन सफल हो गया। शिक्षा से बड़ा कोई दान नहीं है और हम तब तक नहीं रुकेंगे जब तक आखिरी जरूरतमंद बच्चे तक मदद न पहुंच जाए। मुख्य संरक्षक इन्द्रजीत सरदाना ने इस पहल को समाज का कर्तव्य बताते हुए कहा, हमारे बुजुर्गों ने सिखाया है कि भूखे को रोटी और अनपढ़ को शिक्षा देना सबसे बड़ा धर्म है। यह छात्रवृत्ति केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि किसी घर के भविष्य को संवारने का जरिया है। हम बच्चों को पंख दे रहे हैं ताकि वे ऊंची उड़ान भर सकें। महासचिव संजय सेतिया ने जानकारी दी कि 12 वर्षों में सभा ने बच्चों का भरोसा जीता है।

- **पंजाबी वेलफेयर सभा, की विशेष पहल**



**कैथल।** बातचीत करते सभा के प्रधान सुषम कपूर व अन्य।

# आंबेडकर भवन में सजा विचार और काव्य गोष्ठी का मंच



**कैथल।** सद्भावना साहित्य सदन द्वारा आयोजित विचार व काव्य-गोष्ठी में उपस्थित रचनाकार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सद्भावना साहित्य सदन कैथल द्वारा विचार व काव्य- गोष्ठी का आयोजन अंबेडकर भवन, हुड्डा सेक्टर 21, कैथल में किया गया। जिसमें वरिष्ठ साहित्यकार प्रोफेसर अमृतलाल मदान जी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और डॉ विकास आनंद व फौजी बलवान सिंह ने संयुक्त रूप से काव्य -गोष्ठी की अध्यक्षता की। मंच संचालन सतबीर जागलान ने किया। काव्य गोष्ठी की शुरुआत में संजय पाई ने कहा कि ना मित्र प्यारे,ना धंधे प्यारे, स्वार्थ है सब न्यारे-न्यारे। सुरेश कल्याण ने कहा कि- बिकते हुए सवालों पर ईमान सुबकता देखा है , मैंने मेहनत की आंखों में अंगारा उगता देखा है । दिल्ली से आए मास्टर संदीप रंगा ने बिखरते रिश्तों पर जोर डालते हुए कहा कि दिन-ब-दिन खत्म होती जाती है संभावनाएं, सतबीर जागलान ने कहा कि बेईमान माणस ने बेइमाना सारी उम्र दुखी करै। मिट्ठू राम जी ने हार को कुछ यूं बयां किया कि मेरे साथ मेरे अपने भी हारे हैं । दिलबाग अकेला ने गरीब आदमी की सहनशीलता को कुछ यूं बयां किया कि गरीब को भूख सताएगी कैसे,वो घर से ग़म खाके निकला है। चांदी राम रंगा ने तंबाकू निषेध दिवस पर अपने विचार रखे।

### विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर ब्रह्माकुमारीज राजौंद में नशा मुक्ति का संकल्प लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

सम्पूर्ण विश्व में 31 मई को "विश्व तंबाकू निषेध दिवस" के रूप में मनाया जाता है। वर्तमान समय में तंबाकू एवं अन्य नशों का बढ़ता प्रभाव विशेषकर युवाओं के स्वास्थ्य, मानसिक स्थिति और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए एक गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। इसी कड़ी में ब्रह्माकुमारीज राजौंद के सेवाकेंद्र सुख शांति भवन के प्रांगण में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी भाई-बहनों ने तंबाकू तथा किसी भी प्रकार के नशे का सेवन न करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में असंध सेवाकेंद्र प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरिता दीदी जी ने मुख्य रूप से शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में नशे के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नशा मनुष्य के संपूर्ण जीवन को अस्त-व्यस्त कर देता है। यह न केवल शारीरिक रूप से, बल्कि मानसिक रूप से भी अत्यंत हानिकारक है। उन्होंने कहा कि "नशा नाश की जड़ है" और इससे मुक्ति पाने के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति (विल पावर) आवश्यक है।




**कैथल।** ब्रह्माकुमारीज राजौंद में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर नशा मुक्त रहने का संकल्प लेते हुए।

## हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र का भव्य स्वागत

# ग्रामीण विकास की सबसे बड़ी ताकत हैं युवा : डॉ. चौहान

**शहीद भगत सिंह विद्यार्थी परिषद की बैठक में युवाओं को संबोधित किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

ग्रामीण विकास में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। जब युवा जागरूक होकर समाज और गांव के विकास में अपना योगदान देंगे, तभी देश का वास्तविक विकास संभव है। यह बात हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कही। वे शहीद भगत सिंह विद्यार्थी परिषद द्वारा आयोजित बैठक में बतौर मुख्य अतिथि युवाओ को संबोधित कर रहे थे। संस्थापक अध्यक्ष सर्जन सिंह ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। बैठक में पुंडरी से भाजपा नेता मास्टर योगेंद्र फतेहपुर भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। डॉ. चौहान ने कहा कि हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान द्वारा संचालित राम-राम हरियाणा/" कार्यक्रम प्रदेश की लोक संस्कृति, परंपराओं और ग्रामीण जीवन की सकारात्मक कहानियों को जन-जन तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।



**कैथल।** हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान का स्वागत करते ग्रामीण।

उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से हरियाणा की गौरवशाली विरासत, सामाजिक मूल्यों और ग्रामीण प्रतिभाओं को एक नया मंच मिल रहा है। डॉ. चौहान ने कहा कि राम-राम हरियाणा केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि समाज को जोड़ने का अभियान है। इसके माध्यम से गांवों में हो रहे नवाचार, सामाजिक कार्य, युवा उपलब्धियां और जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से सामने लाया जा रहा है। उन्होंने युवाओं से इस अभियान के साथ जुड़कर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि शहीद भगत सिंह विद्यार्थी परिषद जैसे संगठन युवाओं को सामाजिक सरोकारों से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। यदि युवा अपनी ऊर्जा को समाज सेवा, शिक्षा और ग्रामीण विकास की दिशा में लगाएं तो हरियाणा विकास के नए आयाम स्थापित कर सकता है। डॉ. चौहान ने परिषद के पदाधिकारियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

### विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की

अध्यक्ष सर्जन सिंह ने कहा कि शहीद भगत सिंह विद्यार्थी परिषद हमेशा युवाओं के अधिकारों और ग्रामीण क्षेत्रों के उत्थान के लिए तत्पर रहेगी। बैठक के दौरान ग्रामीण विकास, युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा और सामाजिक सरोकारों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई और आगामी रणनीतियां तैयार की गईं। इस अवसर पर भगत सिंह विद्यार्थी परिषद से मा. संजीव कुमार, सलिन्द्र मोहना, सोनू डुल्याणी, संकेत, रजत मुन्नारहेडी, सौरभ डीग, खुशीराम जडौला, वकील और सनी मोहाना आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### 1.10 करोड़ के विकास कार्यों का उद्घाटन

**उचाना।** जिला परिषद के वार्ड नंबर 6 के घसो गांव में 1.10 करोड़ से हुए विकास कार्यों का उद्घाटन जिला परिषद चेयरपर्सन मनीषा रंधावा ने किया। अध्यक्षता वार्ड पार्षद इंदू बाला ने की। पीने के पानी के लिए पाइप लाइन, तालाब में पानी पहुंचाने के लिए बिछाई गई पाइप लाइन पर 48 लाख, जनरल चौपाल निर्माण पर 16.70 लाख, राजकीय स्कूल में 9 लाख से प्रार्थना शैड के निर्माण सहित अन्य कार्यों का उदघाटन किया।

### मन की बात कार्यक्रम को लेकर दिखा उत्साह

**कलायत।** कलायत विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 23 पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी-कार्यकर्ता, पार्षद व आम लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे। इसके आयोजन संयोजन की कमान वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश अंबरसर, सीएम विंडो प्रतिनिधि मेनपाल राणा, शक्ति सिंह व अन्य मौजिज लोगों ने संभाली।

### संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर लगेगा

**कैथल।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान शिक्षा भारती विद्या निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कलायत में देश के भविष्य को अनुशासित और पराक्रमी बनाने के लिए 10 हरियाणा बटालियन एनसीसी, कुरुक्षेत्र के तत्वावधान में संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन होने जा रहा है। इस प्रतिष्ठित कैंप की मेजबानी मिलने से न केवल विद्यालय प्रशासन बल्कि पूरे कलायत क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

### पिकअप पेड़ से टकराई ड्राइवर बाल-बाल बचा

**राजौंद।** राजौंद-कैथल मार्ग पर रात एक पिकअप गाड़ी का संतुलन बिगड़ने से वह सड़क किनारे खड़े सफेदे के पेड़ से जा टकराई। हादसे में ड्राइवर बाल-बाल बच गया। पिकअप चालक लखप्रीत ने बताया कि वह पातड़ा से कूलर भरकर पानीपत की ओर जा रहा था। जब वह नीम वाला अड्डा के पास पहुंचा, तो अचानक गाड़ी के नीचे से सॉफ्ट (मिट्टी/सड़क धंसना) हो गई, जिससे वाहन का संतुलन बिगड़ गया।

### मानसी 497 अंक के साथ जिले में रही प्रथम

**राजौंद।** गांव देवबन की होनहार छात्रा मानसी पुत्री श्री राजेश जागलान ने दसवीं कक्षा की परीक्षा में 500 में से 497 अंक प्राप्त कर शानदार उपलब्धि हासिल की है। मानसी ने कैथल जिले में प्रथम स्थान तथा हरियाणा प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। मानसी की इस उत्कृष्ट सफलता पर कन्या शक्ति मिशन फाउंडेशन द्वारा प्रतिभा सम्मान अभियान के तहत उसे सम्मानित किया गया।

### शिक्षा तैयार करती है जिम्मेदार नागरिक

**जींद।** आधारशिला स्कूल के प्रांगण में शैक्षिक मूल्यों पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य मार्गदर्शक के रूप में विपुल शर्मा व श्वेता जैन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का उद्देश्य अध्यापकों को इस तरह प्रशिक्षित करना था कि वे विद्यार्थियों को मूल्य आधारित शिक्षा देकर उनका भविष्य उज्ज्वल कर सकें।

# 182 किलो वजन उठाकर प्रदेश में चमकी मुआना की बेटी इशिका शर्मा
# ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत, खिलाड़ियों के लिए हरियाणा बना रोल मॉडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

सफीदों विधानसभा क्षेत्र के गांव मुआना की 13 वर्षीय प्रतिभाशाली खिलाड़ी इशिका शर्मा ने पावर लिफ्टिंग इंडिया फेडरेशन द्वारा सोनीपत में आयोजित प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 182 किलोग्राम वजन उठा कर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। रविवार को मुआना गांव में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे हरियाणा राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी ने इशिका शर्मा को सम्मानित करते हुए कहा कि हरियाणा की बेटियां आज खेलों में नए कीर्तिमान स्थापित कर प्रदेश और देश का नाम रोशन कर रही हैं। इशिका की यह उपलब्धि न केवल मुआना गांव बल्कि पूरे जींद जिले और हरियाणा के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार की दूरदर्शी खेल नीति के कारण प्रदेश आज देश का अग्रणी खेल राज्य बन चुका है।

## खेल नीति से मिल रहा प्रतिभाओं को नया मंच, शानदार प्रदर्शन कर रहे खिलाड़ी : कर्मवीर सैनी

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को विशेष प्रोत्साहन

सरकार खिलाडियों को प्रशिक्षण, आधुनिक खेल सुविधाएं, नकद पुरस्कार, नौकरी में आरक्षण तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को विशेष प्रोत्साहन प्रदान कर रही है। इसी का परिणाम है कि हरियाणा के खिलाड़ी ओलंपिक, एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों और अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में लगातार पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार की खेल नीति युवाओं को खेलों के प्रति आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। गांव-गांव में खेल स्टेडियमए व्यायामशालाएं और खेल नर्सरियां स्थापित की जा रही हैं। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को भी आगे बढने का अवसर मिल रहा है। प्रमोद शर्मा की होनहार पुत्री इशिका शर्मा की इस उपलब्धि को लेकर पूर्व सरपंच राजेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि कर्मवीर सैनी एवं ग्रामीणों ने इशिका का फूलमालाओं और सम्मान चिन्ह देकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक सुभाष गांगोली, राजपूत सभा के प्रधान कृष्ण राणा, जगदीश कश्यप, सतपाल प्रधान, विकास रोहिला सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।



जींद। कार्यक्रम में इशिका शर्मा को सम्मानित करने के मौके पर मौजूद हरियाणा राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी। फोटो: हरिभूमि

## खाटू श्याम के दर्शन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

# श्री श्याम महोत्सव में खाटू श्याम प्रभु के जयकारे से गूंज उठा जींद

*काली कमली वाला मेरा यार है, मेरे शीश के दानी का सारे जग में डंका बाजे भजनों पर झूमे श्रद्धालु*

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

पटियाला चौक स्थित जागरण ग्राऊंड में श्री श्याम मिलन सेवा समिति द्वारा पांचवें श्री श्याम महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव में हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने श्याम बाबा के समक्ष माथा टेका और मन्नतें मांगी।

इस दौरान महोत्सव को दिव्य एवं भव्य रूप देने के लिए विशेष दरबार, आकर्षक सजावट, फूल बंगला और अलौकिक श्याम दरबार सजाया गया। आयोजन स्थल पर बाबा श्याम का भव्य दरबार श्रद्धालुओं में आकर्षण का केंद्र रहा। श्रद्धालुओं ने लंबी कतारों में लग लख दातार की जय, हारे के सहारे की जय और खाटू नरेश की जय जैसे नारों से जागरण पंडाल को गुंजायमान किया। खाटू श्याम के दर्शनों को लेकर श्रद्धालुओं के चेहरे पर भक्ति का गजब उत्साह देखते ही बन रहा था।

श्याम महोत्सव में भजन गायकों ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से भक्तों को झूमने पर मजबूर किया। जयपुर से आयुष सोमानी, श्री धाम बरसाना से रिया ब्रजवासी, दिल्ली से रितिक गुप्ता ने श्याम प्रभू खाटू वाले के भजनों की एक से बढ़ कर एक सुंदर प्रस्तुति देकर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। प्रभु के भजनों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। समिति द्वारा हर वर्ष श्री श्याम जागरण का आयोजन किया जाता है और इस बार उनका यह पांचवां जागरण था। समिति जागरण के साथ-साथ अन्य सामाजिक कार्यों में भी बढ़चढ़ कर भाग लेती है।



जींद। श्री श्याम महोत्सव में सजा भव्य श्री श्याम दरबार। फोटो: हरिभूमि



जींद। श्री श्याम महोत्सव में खाटू नरेश की पूजा करते हुए श्रद्धालु।

### भजनों पर खूब झूमे श्याम भक्त

श्री श्याम महोत्सव में आए कलाकारों ने काली कमली वाला मेरा यार है, मेरे मन का मोहन तू दिलदार है, मेरे शीश के दानी का सारे जग में डंका बाजे, मैने खाटू जाना है, थक सा गया हूं मैं बाबा, परीक्षा के दिन हैं गुजर जाएंगे, किस्मत का कारा हूं, हारे का सहारा, खाटू श्याम हमारा, है श्याम प्रभू हमारा, खाटू की महिमा है न्यारी, मोर मुकुट पिताम्बर सोहे, जिसकी नैया संभाले कन्हैया, बजाओ श्याम नाम की ताली भजन सुना कर श्याम भक्तों को झूमने पर मजबूर किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को श्री श्याम प्रभु को विभिन्न प्रकार के मिष्ठान, फल, मेवों व दूध का भोग, चुनरी अर्पित कर प्रसाद दिया गया।

### सबने लिया बाबा का आशीर्वाद किया प्रसाद ग्रहण

*श्री श्याम मिलन सेवा समिति सदस्य सुनील कामरा, प्रमोद शर्मा ने बताया कि श्री श्याम महोत्सव में आए श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई परेशानी न हो, इसका विशेष प्रबंध किया गया था। श्रद्धालुओं को प्रसाद व पंजीरी वितरित की गई। इसके अलावा समाजसेवी संस्थाओं द्वारा जागरण में स्टॉल भी लगाए गए थे। जहां श्रद्धालुओं को मीठी कुल्फी व अन्य प्रसाद वितरित किया गया। समिति के वालेटियंर्स श्याम महोत्सव के दौरान मुस्तैदी से तैनात रहे और जागरण में आए गणमान्य लोगों, श्रद्धालुओं का स्वागत व सतकार किया गया। सदस्य सुनील कामरा ने बताया कि जागरण में हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा के बेटे रूद्राक्ष मिड्ढा सहित अनेक गणमान्य लोगों ने मुख्यअतिथि के तौर पर शिरकत कर बाबा श्याम का आर्शीवाद प्राप्त किया।*



उचाना। पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनते विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री। फोटो: हरिभूमि

## "मन की बात" पीएम व आम नागरिकों के बीच अनूठा सेतु

- मन की बात कोई राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश की प्रतिभाओं को सामने लाने का माध्यम : अत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ उचाना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 134वें एपिसोड को लेकर भाजपा ने इसे समाज, युवाओं तथा देश की सकारात्मक पहलों को जोडऩे वाला एक महत्वपूर्ण मंच बताया। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कहा कि मन की बात कोई राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है बल्कि यह देश की प्रतिभाओं, नवाचारों और सामाजिक प्रयासों को सामने लाने का माध्यम है। इस कार्यक्रम के जरिए लोगों को देश के विभिन्न हिस्सों में हो रहे प्रेरणादायक कार्यों की जानकारी मिलती है और समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा मिलता है। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी दुनिया के उन चुनिंदा नेताओं में शामिल हैं जो नियमित रूप से देश की जनता से सीधे संवाद स्थापित करते हैं। हर महीने प्रसारित होने वाला मन की बात कार्यक्रम प्रधानमंत्री और आम नागरिकों के बीच एक अनूठा सेतु बन चुका है। विश्व स्तर पर इस तरह का नियमित संवाद बहुत कम देखने को मिलता है। कई बार ऐसे कार्य होते हैं जिन्हें केवल सरकारी प्रयासों से पूरा करना संभव नहीं होता, लेकिन जब समाज और स्थानीय समुदाय एकजुट होकर आगे आते हैं तो उल्लेखनीय परिणाम सामने आते हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि 134वें एपिसोड में प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों द्वारा सामूहिक रूप से तालाबों की सफाई और संरक्षण के प्रयासों का जिक्र किया और कहा कि लोकतंत्र की सफलता नागरिकों की सक्रिय सहभागिता पर निर्भर करती है और मन की बात इसी भावना को मजबूत करता है। उन्होंने इसे सामान्य ज्ञान का एक उपयोगी सत्र बताते हुए कहा कि कई परिवार इस कार्यक्रम को साथ बैठकर सुनते हैं, जिससे नई पीढ़ी को प्रेरणा और सीख मिलती है।

# जंक फूड से करें परहेज : डॉ. जितेंद्र

- लोको प्राइवेट कॉलोनी में लगाया हड्डी जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

जयति-जयति हिंदू महान संगठन द्वारा लोको प्राइवेट कॉलोनी में विशाल मुफ्त हड्डी जांच शिविर का ओजन किया गया। इस मौके पर संगठन के राष्ट्रीय संयोजक अतुल चौहान ने बताया कि संगठन के साथियों द्वारा पिछले कई वर्षों से सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इसी उद्देश्य को लेकर रविवार को लोको प्राइवेट कॉलोनी में आयोजित शिविर में मुफ्त हड्डी जांच, बीपी व शुगर की जांच की गई है। जिसमें सैंकड़ों की संख्या में पहुंचे कालोनीवासियों ने इस शिविर का लाभ उठाया। इस शिविर में आए मरीजों को मुफ्त दवाईयां भी वितरित की गई। इस मौके पर अतुल चौहान ने लोगों से अपील की कि इस गर्मी के मौसम में ज्यादा से ज्यादा पानी पीएं। दोपहर में बाहर निकलने से बचेएखुद को डी हाइड्रेट होने बचाएं। इस अवसर पर हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. जितेन्द्र कौशिक ने बताया कि लोगों को अपने स्वास्थ का विशेष ध्यान रखना चाहिए। जंक फूड व बाहर के खाने अन्य प्रकार के ज्यादा तले व भुने खाने से परहेज करना चाहिए। हर रोज हल्का व्यायाम करना चाहिए। दूध, हरी सब्जियां, फल आदि का सेवन करना चाहिए। इस मौके पर सुनील लोहाट, सुभाष परुथी, अनिल कठपाल, इंद्रजीत यादव, सूरज प्रकाश, मनोज भट्ट, मास्टर राजू शेखर, राकेश शर्मा, धर्मेंद्र काका, सुशील यादव, सुभाष चौहान, राजेंद्र, रमेश, बॉबी, कैलाश यादव आदि कॉलोनीवासी मौजूद रहे।



जींद। शिविर में जांच करते हुए डा. जितेंद्र कौशिक। फोटो: हरिभूमि

### सोलर स्ट्रीट लाइट्स लगवाने पर दिया जा रहा अनुदान : एडीसी

**कैथल।** ग्रामीण क्षेत्रों और पंचायतों को रोशन करने के उद्देश्य से नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग द्वारा सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने की योजना शुरू की गई है। योजना के तहत अनुदान पर सोलर स्ट्रीट लाइट उपलब्ध करवाई जाएंगी। ग्राम पंचायतें, पंचायत समितियां, जिला परिषद, सरकारी संस्थाएं तथा एनजीओ योजना का लाभ उठा सकती हैं, जोकि 'पहले आओ-पहले पाओ' के आधार पर दिया जाएगा। एडीसी डॉ. सुशील मलिक ने बताया कि महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान विभाग, हरियाणा सरकार के माध्यम से सोलर स्ट्रीट लाइट्स का रेट कॉन्ट्रैक्ट किया है, जिसकी वैधता 28 जनवरी 2027 तक रहेगी।

# कांग्रेस के खोदे गड्ढे भर रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

हरियाणा सहकारी श्रम व निर्माण प्रसंग के पूर्व अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता टेकराम कंडेला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 12 वर्ष के कार्यकाल में देश में जबरदस्त विकास किया और देश को सुरक्षा की दृष्टि से मजबूत किया व देश की सीमाओं को मजबूत किया है।



टेकराम कंडेला।

सैनिक सेवा का बजट बड़ा कर सैनिकों का मान सम्मान बढ़ाया। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के 60 वर्ष के कार्यकाल में जो देश विरोधी गड्ढे खोदे गए थे। पीएम नरेंद्र मोदी ने उन गड्ढों को भरने का काम किया। कंडेला ने कहा कि धारा 370 को हटाया, तीन तलाक को खत्म किया, जम्मू कश्मीर की समस्याओं को खत्म किया, देश के अंदर किसान सम्मान निधि को लागू किया, फसल बीमा योजना का शुभारंभ किया, आयुष्मान कार्ड को लागू किया, देश के अंदर प्रधानमंत्री सड़क योजना के ऊपर तेजी से काम किया। रेलवे विभाग को और ज्यादा बजट देकर उसके विकास को और आगे ले जाने का काम किया। नए-नए हवाई अड्डे का निर्माण किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एसआईआर को लागू करके भारत मे आए हुए घुसपैठियों को रोकने का काम किया। नक्सलवाद के ऊपर अंकुश लगाने का भी काम हुआ। कंडेला ने कहा कि जिस प्रकार से विपक्ष लोगों को गुमराह कर रहा था, सुप्रीम कोर्ट के फैसले आने पर विपक्ष के मुंह पर तमाचा लगाने का काम किया है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी प्रमुख राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि संविधान के नाम पर जो लोगों को गुमराह करने का कार्य कर रहे हैं, जनता उनके इस बहकावे में आने वाली नहीं है। 1975 के अंदर उनकी पार्टी ने इमरजेंसी लगा कर बड़े-बड़े नेताओं को जेल के अंदर ठोकने का काम किया व संविधान को कुचलने का काम किया था और 1984 के अंदर दिल्ली के अंदर सिखों के ऊपर अत्याचार किया।

## रोहतक रोड बाईपास को जाम से मुक्ति नहीं

**जींद।** अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल ने रोहतक रोड बाईपास स्थित कबीर चौक पर लगने वाले जाम से मुक्ति दिलाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि कई साल से सुनने में आ रहा है कि यहां रेड लाइट लगनी हैए आखिर यह रेड लाइट कब लगेगी। गोयल ने कहा कि इस स्थान पर लगातार बढ़ते ट्रैफिक और जाम की समस्या के कारण आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है तथा दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। गोयल ने बताया कि इस संबंध में वे कई बार प्रशासनिक अधिकारियों से मिल कर अपनी मांग रख चुके हैं। प्रशासन द्वारा भी उन्हें आश्वासन दिया गया है कि यहां जल्द ही रेड लाइट स्थापित की जाएगी। उन्होंने कहा कि शहर के विकास और सुगम यातायात के लिए ऐसे व्यस्त चौराहों पर ट्रैफिक नियंत्रण व्यवस्था बेहद जरूरी है। गोयल ने याद दिलाया कि पुराने बस स्टैंड के सामने भी उन्होंने लंबे समय तक रेड लाइट लगाने की मांग उठाई थी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### बिंद्र दनौदा के अतिरिक्त निदेशक बनने पर जताया आभार

**उचाना।** हरियाणवी कलाकार और भाजपा नेता बिंद्र दनौदा को हरियाणा कला परिषद हिसार में अतिरिक्त निदेशक की जिम्मेदारी सौंपने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, सीएम नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता, कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी एवं शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया। विक्रम चहल, अश्वनी श्योकंद, विनोद श्योकंद, हिलटर, सुरेश नैन, विनोद भगत ने कहा कि हरियाणवी कला को निरंतर हरियाणवी कलाकार बिंद्र दनौदा आगे लेकर जाने का काम कर रहे है। जो जिम्मेदारी प्रदेश सरकार ने दी है उससे हरियाणवी कला को बढ़ावा मिलेगा।

**पहल** — 60 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों को निःशुल्क कराई जाएगी तीर्थ यात्रा

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत 8 जून को सोमनाथ के लिए रवाना होगी विशेष ट्रेन : डीसी

- 6 जून तक सरल हरियाणा पोर्टल पर करवा सकते हैं पंजीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

डीसी अपराजिता ने बताया कि श्री सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में /"सोमनाथ स्वाभिमान पर्व/" मनाया जा रहा है। जिसके तहत प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों को पवित्र श्री सोमनाथ मंदिर, प्रभास पाटन (गुजरात) के दर्शन करवाए जाएंगे। इसको लेकर आगामी 8 जून को विशेष ट्रेन रवाना की जाएगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कुरुक्षेत्र से इस विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।



### योजना का लाभ उठाने का आह्वान

डीसी अपराजिता ने जिले के पात्र वरिष्ठ नागरिकों से इस योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक की आयु 60 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए तथा परिवार की वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये से कम होनी चाहिए। योजना के प्रावधानों के अनुसार कोई भी पात्र व्यक्ति तीन वर्ष में केवल एक बार ही इस सुविधा का लाभ उठा सकता है।

योजना के तहत पात्र श्रद्धालुओं को पूरी तरह निशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान की जाएगी। यात्रा के दौरान आवास, भोजन, चिकित्सा सहायता एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं हरियाणा सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई जाएंगी। डीसी ने कहा कि इच्छुक वरिष्ठ नागरिक 6 जून, 2026 तक सरल हरियाणा पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण करवा सकते हैं। लाभार्थियों का चयन /"पहले आओ-पहले पाओ/" के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने पात्र नागरिकों से समय रहते आवेदन करने की अपील की ताकि वे इस धार्मिक एवं आध्यात्मिक यात्रा का लाभ प्राप्त कर सकें। डीसी अपराजिता ने बताया कि ऑनलाइन पंजीकरण के उपरांत लाभार्थियों को 6 जून तक जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय, लघु सचिवालय कैथल में अपनी उपस्थिति एवं विवरण दर्ज करवाना अनिवार्य होगा, ताकि यात्रा संबंधी सभी व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित की जा सकें। उन्होंने कहा कि आवेदक हरियाणा का स्थायी निवासी होना चाहिए।